मीरजापुर पुलिस

प्रेस नोट

दिनांकः- 25.07.2022

रू. 25 हजार के ईनामिया शातिर लुटेरे को पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली , कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व 01 लाख 50 हजार 730 रूपया बरामद तथा01 अदद अवैध तमंचा मय कारतूस बरामद अन्य 03 अभियुक्त/लुटेरा भी गिरफ्तार —

दिनांक 11.07.2022 को मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात बदमाशों द्वारा भद्रा फाउण्डेशन(पेट्रोल पम्प) महेशपुर ड्रमंडगंज हलिया का पैसा रू. 1,97,500/-(एक लाख सत्तानवें हजार पांच सौ रूपये)इण्डियन बैंक बरौंधा, लालगंज में जमा करने जाते समय थाना लालगंज अन्तर्गत नैड़ी हाइवे पर लूट की गई थी। वादीफूलचन्द पुत्र बुद्धिसेन निवासी मड़फा कलां थाना कोरांव जनपद प्रयागराज की तहरीर पर थाना लालगंज पर मु0अ0सं0-164/22 धारा 392 भादवि बनाम सफेद मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्ति पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा ' द्वारा उक्त लूट की घटना का संज्ञान लेकर अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में टीमें गठित कर घटना के शीघ्र अनावरण करने एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना लालगंज , को0देहात,स्वाट/सर्विलांस व एसओजीकी 04 टीमों का गठन किया गया था उक्त टीमे अनुदेश के क्रम में मैनुअल व सर्विलांस स्तर पर लगातार काम कर रही थी। उक्त टीमों द्वारा लगातार प्रयास एवं मुखबिरकी सूचना परदिनांक 24.07.2022 को थाना लालगंज क्षेत्र से 1-महताब पुत्र असफाक निवासी माण्डा खास थाना माण्डा जनपद प्रयागराज 2-हर्षवर्धन मिश्रा उर्फ जनमेजय पुत्र स्व0हरिराम मिश्रा निवासी कठार बरौंधा थाना लालगंज जनपद मीरजापुर 3-सचिन पाण्डेय पुत्र कृष्णकान्त पाण्डेय निवासी सिरौठी थाना माण्डा जनपद प्रयागराज गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से लूट का 70 हजार 730 रूपया बरामद हुआ तथा घटना में शामिल अन्य अभियुक्तगणों के बारें में जानकारी प्राप्त हुई, जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक मीरजापुर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पुनः टीमों का गठन कर अन्य अभियुक्तगणों/लुटेरो की गिरफ्तारी व लूट की शेष धनराशि की बरामदगी हेतु अभियान चलाया गया।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना लालगंज , को0देहात,स्वाट/सर्विलांस व एसओजीकी 04 टीमों द्वारा दिनांकः 24/25.07.2022 की रात्रिमें ग्राम राजापुर किसान तिराहा के पास पुलिस द्वारा सघंन चेकिंग की जा रही थी तभी मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति आते हुए दिखायी दिये जिसे पुलिस पार्टी द्वारा रूकने का इशारा किया गया तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने के नियत से फायर करने लेगे जिसके कारण पुलिस पार्टी द्वारा अपने बचाव मे आत्मरक्षार्थ फायर किया गया जिससे एक व्यक्ति को बाये पैर मे गोली लग गयी जबकि एक अन्य साथी अंधेरे एवं जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। अभियुक्त द्वारा नाम पता पुछने पर अपना नामआमिर अली पुत्र आजाद अली निवासी माण्डाखास थाना माण्डा जनपद प्रयागराज बताया तथा बताया कि दिनांक 11.07.2022 को अन्य साथी के साथ नैड़ी हाइवे पर लूट की घटना किये थे तथा उसके कब्जे से 80 हजार रूपया तथा एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 अदद खोखा व 01 अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ रूपये के बारे मे बता रहा है कि यह रूपया उसी लूट का है। अभियुक्त आमिर अली का पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल मीरजापुर में ईलाज चल रहा है तथा फरार अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु कांबिंग व सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है, पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में गिरफ्तार अभियुक्त आमिर अली व एक अन्य के विरूद्ध थाना लालगंज पर मु0अ0सं0-184/22 धारा 307 भादवि तथा बरामद अवैध असलहे के सम्बन्ध में मु0अ0सं0-185/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम आमिर अली पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः—

1-आमिर अली पुत्र आजाद अली निवासी माण्डाखास थाना माण्डा जनपद प्रयागराज(पुलिस मुठभेड़)

2-महताब पुत्र असफाक निवासी माण्डा खास थाना माण्डा जनपद प्रयागराज।

3-हर्षवर्धन मिश्रा उर्फ जनमेजय पुत्र स्व0हरिराम मिश्रा निवासी कठार बरौंधा थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।

4-सचिन पाण्डेय पुत्र कृष्णकान्त पाण्डेय निवासी सिरौठी थाना माण्डा जनपद प्रयागराज।

विवरण बरामदगीः—

- 01 अदद मोटरसाइकिल बिना नम्बर की (लूट की घटना में प्रयुक्त)
- 01 लाख 50 हजार 730 रूपया नगद (मु0अ0सं0-164/22 धारा 392/411 भादवि से सम्बन्धित)
- 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 अदद खोखा व 01 अदद जिंदा कारतूस।
- 01 अदद टूटी हुई मोबाइल (लूट से सम्बन्धित)

गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः—

- प्रभारी निरीक्षक थाना लालगंज राम नारायण राम मय टीम।
- प्रभारी निरीक्षक थाना को0देहात विपिन सिंह मय टीम।
- प्रभारी निरीक्षक एसओजी सत्येन्द्र कुमार यादव मय टीम।
- प्रभारी स्वाट/सर्विलांस राजेश जी चौबे मय टीम।
- उ0नि0 अजय कुमार श्रीवास्तव चौकी प्रभारी बरौंधा थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।

विवरण पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0-164/22 धारा 392 भादवि थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।
मु0अ0सं0-184/22 धारा 307 भादवि थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।
मु0अ0सं0-185/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।

सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम कोउपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र , मीरजापुर द्वारा 50 हजार रूपये व पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा 25 हजार रूपये का पुरस्कार दिया गया।